**आंचलिक कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय तथा क्षेत्रीय खनिज प्रसंस्करण प्रयोगशाला, भारतीय खान ब्यूरो, अजमेर द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 01/09/2016 से 15/09/2016 तक आयोजित हिंदी पखवाड़ा समारोह की रिपोर्ट**

प्रधान कार्यालय के निर्देशानुसार आंचलिक कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय तथा क्षेत्रीय खनिज प्रसंस्करण प्रयोगशाला, भारतीय खान ब्यूरो, अजमेर द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 01/09/2016 से 15/09/2016 तक आयोजित राजभाषा हिंदी पखवाड़ा समारोह का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। इस दौरान राजभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार एवं उत्तरोत्तर प्रगति हेतु मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

राजभाषा पखवाड़े का शुभारंभ दिनांक 01/09/2016 को पूर्वाह्न 11.30 बजे श्री बसवराज करड़कल, अधीक्षण अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री बसवराज करड़कल, अधीक्षण अधिकारी ने कहा कि हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिलने के लगभग 66 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी अभी तक हिंदी पूर्ण रूप से सरकारी कामकाज की भाषा नहीं बन पाई है। इस अवसर पर श्री एच.सी. शर्मा, वरिष्ठ सहायक खान नियंत्रक तथा डॉ. एन.के. माथुर, सहायक खनन भूविज्ञानी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

श्री बी.के. अरोरा, अधीक्षक ने मंच का संचालन करते हुए पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं का रूप–रेखा प्रस्तुत की।

पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं, विजेता प्रतियोगियों एवं सहभागिता पुरस्कार प्राप्त कार्मिकों का विवरण अनुलग्नक–1 एवं अनुलग्नक–2 में संलग्न है।

दिनांक 15/9/2016 को अपराह्न 4.00 बजे राजभाषा पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह श्री बी.एल. कोटड़ीवाला, क्षेत्रीय खान नियंत्रक एवं कार्यालय अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर माननीय गृह मंत्री, माननीय वित्त मंत्री तथा माननीय खान मंत्री के संदेशों का पढ़कर सुनाया गया। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री कोटड़ीवाला ने कहा कि राजभाषा हिंदी को हमें प्रेरणा–प्रोत्साहन एवं सद्भाव के साथ अपना कर अपना समस्त सरकारी कार्य हिंदी में ही करना है।

समारोह में श्री बसवराज करड़कल, अधीक्षण अधिकारी (अयस्क प्रसाधन), डॉ. ए.जेड. खान, वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी एवं अध्यक्ष, हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति तथा श्री एच.सी. शर्मा, वरिष्ठ सहायक खान नियंत्रक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में विजेता कार्मिकों को नकद पुरस्कार तथा प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद प्रस्ताव श्री बी.के. अरोरा, अधीक्षक द्वारा किया गया।

पखवाड़े के दौरान कार्यक्रम निर्धारण, संचालन एवं मूल्यांकन में समिति के सदस्यों तथा निम्नलिखित अधिकारियों ने अपना योगदान/परामर्श दिया :–

1 श्री बी.एल. कोटड़ीवाला, क्षेत्रीय खान नियंत्रक
2 श्री बसवराज करड़कल, अधीक्षण अधिकारी (अयस्क प्रसाधन)
3 डॉ. ए.जेड. खान, वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी
4 श्री एच.सी. शर्मा, वरिष्ठ सहायक खान नियंत्रक
5 श्री देबासिस कुण्डू, सहायक रसायनज्ञ
6 श्री बी.एल. गुप्ता, हिंदी अनुवादक
7 श्री उमेश चन्द्र शर्मा, आशुलिपिक ग्रेड–1
8 श्री बी.के. अरोरा, अधीक्षक
9 श्री आर.के. गुप्ता, आशुलिपिक ग्रेड–2

संलग्न : यथोपरि।

**(डॉ. ए.जेड. खान)**
वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी एवं
अध्यक्ष, हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति
भारतीय खान ब्यूरो

## पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं विजेता प्रतियोगियों का विवरण

| क्र. सं. | प्रतियोगिता आयोजन तिथि | प्रतियोगिता का नाम एवं संयोजक | विजेता प्रतियोगी | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 5/9/2016 (कुल 7 प्रतियोगी) | कम्प्यूटर पर हिंदी टंकण (श्री आर.के. गुप्ता, आ.लि.–2) | प्रथम – श्री अनन्त चौधरी<br>द्वितीय – श्री राजेश चौधरी<br>तृतीय – श्री ओ.पी. राठौरिया | रू. 200.00<br>रू. 150.00<br>रू. 100.00 |
| 2. | 6/9/2016 (कुल 7 प्रतियोगी) | टिप्पणी एवं प्रारूप लेखन (श्री बी.के. अरोरा, अधीक्षक) | प्रथम – श्री के.सी. सेन<br>द्वितीय – श्री ओ.पी. राठौरिया<br>तृतीय – श्री हरिमुख मीना | रू. 200.00<br>रू. 150.00<br>रू. 100.00 |
| 3. | 7/9/2016 (कुल 11 प्रतियोगी) | हिंदी सुलेख (श्री उमेश चन्द्र शर्मा, आ.लि.–1) | प्रथम – कु. वंदना बाकोलिया<br>द्वितीय – श्री ओ.पी. राठौरिया<br>तृतीय – श्री विवके अग्रवाल | रू. 200.00<br>रू. 150.00<br>रू. 100.00 |
| 4. | 7/9/2016 (कुल 10 प्रतियोगी) | हिंदी श्रुतलेख (श्री उमेश चन्द्र शर्मा, आ.लि.–1) | प्रथम – कु. वंदना बाकोलिया<br>द्वितीय – श्री विवके अग्रवाल<br>तृतीय – श्री ओ.पी. राठौरिया | रू. 200.00<br>रू. 150.00<br>रू. 100.00 |
| 5. | 8/9/2016 (कुल 10 प्रतियोगी) | सामान्य हिंदी भाषा ज्ञान एवं कार्यालय में प्रयुक्त होने वाले हिंदी अंग्रेजी शब्द ज्ञान (श्री बी.एल. गुप्ता, अनुवादक) | प्रथम – श्री पवन शर्मा<br>द्वितीय – कु. वंदना बाकोलिया<br>तृतीय – श्री ओ.पी. राठौरिया | रू. 200.00<br>रू. 150.00<br>रू. 100.00 |
| 6. | 9/9/2016 (कुल 7 प्रतियोगी) | हिंदी निबंध (श्री बी.एल. गुप्ता, अनुवादक) | प्रथम – श्री सुरेश चन्द्र कछौट<br>द्वितीय – श्री लखन सिंह रावत<br>तृतीय – श्री अनन्त चौधरी | रू. 200.00<br>रू. 150.00<br>रू. 100.00 |
| 7. | 12/9/2016 (कुल 6 प्रतियोगी) | हिंदी कविता पाठ (श्री एच.सी. शर्मा, वसखानि)<br><br>कार्मिकों के बच्चों हेतु कविता पाठ प्रतियोगिता | प्रथम – श्री विवके अग्रवाल<br>द्वितीय – श्री सुरेश चन्द्र कछौट<br><br>मा. गर्वित उबाना पुत्र श्री राजकुमार उबाना | रू. 200.00<br>रू. 150.00<br><br>पुरस्कार |
| 8. | 14/9/2016 | सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी 50 प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न हेतु रू. 10/– का नकद पुरस्कार मौके पर ही वितरित किए। | 50 X रू. 10/– | रू. 500.00 |
| 9. | 15/9/2016 | प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहन पुरस्कार | 15 प्रतियोगी X रू. 50/– | रू. 750.00 |
| 10 | 15/9/2016 | संयोजकों को स्मृति चिन्ह | कुल 06 स्मृति चिन्ह | रू. 1255.00 |
| | | | **कुल राशि** | **रू. 5555.00** |

# पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता पुरस्कार प्राप्त कार्मिकों की सूची

1. कु. बहुला वर्मा
2. श्री एस.सी. सोनी
3. श्री सीताराम सामरिया
4. श्री रामस्वरूप गुर्जर
5. श्री विकास कुमार
6. श्री सोहन सिंह
7. श्री नारायण सिंह रावत
8. श्री राहुल वर्मा
9. श्री अब्दुल हमीद
10. श्री राजकुमार उबाना
11. डॉ. ओ.एस. पंवार
12. श्री लक्ष्मण सिंह
13. श्री सुनील कुमार अग्रवाल
14. श्री राजीव श्रीवास्तव
15. श्री राकेश ओला